नॉर्दन ट्रायंगल की सहायता में कटौती

drishtiias.com/hindi/printpdf/us-will-cut-off-aid-to-northern-triangle

चर्चा में क्यों?

हाल ही में अमेरिकी सरकार ने 'नॉर्दन ट्रायंगल' के देशों को की जाने वाली सहायता में कटौती करने का निर्णय लिया है।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि अमेरिका ने यह कदम आप्रवासियों को रोकने के लिये उठाया है।
- अमेरिका ने इन देशों की सहायता में कटौती करने की घोषणा करने के साथ-साथ अमेरिकी-मेक्सिको सीमा को बंद करने की धमकी भी दी है।

नॉर्दन ट्रायंगल

- अल सल्वाडोर, ग्वाटेमाला और होंडुरास को नॉर्दन ट्रायंगल (विशेष रूप से उनके आर्थिक एकीकरण के संदर्भ में) के रूप में जाना जाता है।
- वर्तमान में इस क्षेत्र को दुनिया के सबसे घातक क्षेत्रों में से एक माना जाता है, जहाँ हिंसक मौतों की दर कुछ युद्ध क्षेत्रों के मुकाबले बहुत अधिक है।

pacific ocean

ये तीनों देश ट्रिफिनियों (Trifinio) बायोस्फीयर रिज़र्व में अपनी सीमा साझा करने के साथ ही संस्कृति, इतिहास, समाज और राजनीति के विभिन्न पहलू भी साझा करते हैं।